## शहर में आज

- त्रिवटीनाथ सांग्वेद संस्कृत महाविद्यालय में यज्ञोपवीत संस्कार सुबह 11 बजे।
- रुहेलखंड विश्वविद्यालय में स्थापना दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता सुबह 10 बजे से।
- नगर निगम में जनसुनवाई सुबह 10 बजे।

## सड़क पर बस खड़ी करने से लगा जाम

बरेली, अमृत विचार : शासन के निर्देश पर शहर से अवैध बस अड्डों को हटाया गया था। सेटेलाइट बस अड्डे के आगे खड़ी होने वाली बसों के लिए रुहेलखंड चौकी के पास जगह निर्धारित की गई थी लेकिन फिर से सेटेलाइट बस अड्डे के पास बसें खड़ी होने लगी हैं। सोमवार को शाम करीब छह बजे निजी बस पहले सीएनजी पंप के पास खड़ी हुई। इसके बाद बस कुछ दूर आगे खड़ी होने के लिए पहुंची लेकिन ठेले बगैरह खड़े होने की वजह से मुड़ने में दिक्कत हुई। इससे रास्ता रुक गया और पीछे वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। काफी देर बाद बस हटी तो जाम खुला। सेटेलाइट तिराहे पर सड़क पर खड़े होने वाले ठेले पहले से ट्रैफिक के लिए बड़ा संकट बने हुए हैं। कुछ समय पहले ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें रोडवेज स्टैंड के पास से हटवा दिया था लेकिन दो ही दिन बाद ठेले फिर वहीं खड़े होने लगे। इसके बाद से ट्रैफिक पुलिस ने भी कोई सुध नहीं ली है।

## लोकसभा चुनाव के मौसम में चली विकास के वादों की बयार

# ... तो शहर के हर प्रमुख चौराहे पर होगा फ्लाईओवर

### जाम से मुक्ति के लिए छह नए फ्लाईओवर का प्रस्ताव बनाने का निर्देश, नए सिरे से डिजाइन होंगे चौराहे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कमिश्नर ने पुलिस और बीडीए के अधिकारियों के साथ किया चौराहों का निरीक्षण
- गांधी उद्यान के सामने अंडरपास का भी प्रस्ताव, फिलहाल वन वे होगा ट्रैफिक

अमृत विचार : अफसरों की ओर से भेजे गए प्रस्ताव अगर शासन में मंजूर हुए तो आने वाले समय में शहर के करीब-करीब हर प्रमुख चौराहे पर फ्लाईओवर बना होगा। शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए सोमवार को कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने आईजी, एसएसपी, एसपी ट्रैफिक और बीडीए सचिव के साथ शहर का दौरा करने के बाद छह चौराहों पर फ्लाईओवर का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया।

गांधी उद्यान के सामने अंडरपास बनाने और दामोदर स्वरूप तिराहे को भी व्यवस्थित करने की रूपरेखा बनाई गई। फिलहाल गांधी उद्यान चौराहे पर ट्रैफिक को वनवे करने का निर्देश अफसरों को दिया गया है।

कमिश्नर ने पुलिस के आला अफसरों के साथ शहर के उन सभी चौराहों का निरीक्षण किया जहां अक्सर जाम लगे रहने की समस्या है। पीलीभीत रोड पर ट्रैफिक जाम की समस्या हल करने के लिए अफसरों ने सड़क पर काफी देर निरीक्षण करने के साथ विचार-विमर्श भी किया।

इसके बाद कमिश्नर ने बीसलपुर चौराहा, डोहरा रोड तिराहा, सुरेश शर्मा नगर चौराहा, संजयनगर तिराहा और सौ फुटा तिराहे तक लगने वाले जाम की समस्या के निदान के लिए फ्लाईओवर बनाने की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश बीडीए और पीडब्ल्यूडी अफसरों को दिया।

लोक निर्माण विभाग के एक्सईन ने कमिश्नर को बताया कि पीलीभीत बाईपास को चौड़ा करने के लिए शासन को डीपीआर भेजी जा चुकी है। कमिश्नर ने इसी डीपीआर को चौराहों पर फ्लाईओवर बनाने के प्रस्तावों को शामिल करने के साथ जल्द ही संशोधित डीपीआर शासन को भेजने का निर्देश दिया। इसके बाद अफसरों ने डेलापीर में जाम की समस्या का जायजा लिया और आईवीआरआई रोड से सौ फुटा रोड पर जाने के लिए फ्लाईओवर निर्माण की कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

अर्बन हाट से गांधी उद्यान चौराहे की ओर जाते हुए जाम की समस्या से मुक्ति के लिए यहां ट्रैफिक वनवे करने और पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए अंडरपास बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। यह प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर होगा। दामोदर स्वरूप पार्क के तिराहे पर रोटरी बनाकर यातायात को व्यवस्थित किया जाएगा। इसके अलावा कमिश्नर ने चौकी चौराहा और चौपुला चौराहे पर भी बेहतर यातायात प्रबंधन के लिए चौराहों को दोबारा डिजाइन करने के निर्देश अफसरों को दिए।

### रामगंगा पर एक और पुल का प्रस्ताव होगा तैयार

कमिश्नर की ओर से रामगंगा नदी पर भी एक और पुल के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने और उसकी कनेक्टिविटी रामपुर रोड से करने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया। रामगंगा नदी पर फिलहाल एक ही पुल है। बताया जा रहा है कि यह प्रस्ताव भविष्य में शहर से जुड़े सभी चारों हाईवे को शहर के बाहर ही आपस में जोड़ने के लिए प्रस्तावित रिंग रोड के मद्देनजर तैयार करने का निर्देश दिया गया है।


गांधी उद्यान के सामने अंडरपास बनाने की संभावना परखतीं कमिश्नर।

### यहां छह नए पुल बनाने का प्रस्ताव

डेलापीर और आईवीआरआई रोड से सौ फुटा रोड, बीसलपुर चौराहा, डोहरा रोड तिराहा, सुरेश शर्मा नगर चौराहा, संजयनगर तिराहा और सौ फुटा तिराहा

### दस पुल पहले से हैं शहर में

किला चौराहा, चौपुला चौराहा, मढ़ीनाथ क्रॉसिंग, कुदेशिया क्रॉसिंग, हार्टमन क्रॉसिंग, आईवीआरआई क्रॉसिंग, लाल फाटक क्रॉसिंग, सेटेलाइट चौराहा, शहामतगंज चौराहा और कुतुबखना चौराहा।

### दामोदर स्वरूप पार्क के तिराहे पर बनेगी नई रोटरी

## जिला अस्पताल और मानसिक चिकित्सालय के कायाकल्प के लिए जारी हुए 3.12 करोड़

बरेली, अमृत विचार : जिला अस्पताल और मानसिक रोग अस्पताल का जीर्णोद्धार होगा। भवन मरम्मत के साथ ही मरीजों के लिए उपयोगी संसाधन जुटाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को 3.12 करोड़ का बजट जारी करते हुए, अस्पतालों के मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि बरेली के महिला और पुरुष जिला अस्पतालों के साथ ही मानसिक रोग अस्पताल में नए वार्डों के निर्माण का प्रस्ताव आया था। जिसके लिए शासन से बजट प्राप्त हो चुका है, शीघ्र ही निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में सिडको बनाएगी सिंथेटिक ट्रैक बजट का इंतजार

बरेली, अमृत विचार : स्टेडियम में सिंथेटिक ट्रैक का रास्ता साफ हो गया है। खेल विभाग की ओर से सिडको को काम सौंपा गया है। बजट जारी होते ही ट्रैक का काम शुरू हो जाएगा।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में दौड़ के अलग-अलग इवेंट में तीन सौ से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया हुआ है। सिंथेटिक ट्रैक न होने से ये खिलाड़ी ठीक अभ्यास नहीं कर पाते। उनकी मुश्किल अब आसान होने जा रही है। खेल विभाग की ओर से आंकलन पूरा हो चुका है। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि पिछले सप्ताह सिडको को सिंथेटिक ट्रैक बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। जल्द बजट जारी होने की उम्मीद है। इसके बाद खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लिए खुद को विकसित कर सकेंगे।

जिला एथलेटिक संघ के सचिव साहिबे आलम ने बताया कि इस समय स्टेडियम में एथलीटों को जमीन पर अभ्यास करना पड़ता है। जमीन पर अभ्यास करने की वजह से खिलाड़ी चोटिल होते हैं। सिंथेटिक ट्रैक से खिलाड़ी को लाभ मिलेगा।

## डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए दो फर्म तय

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एक जोन में लोकल और बाकी तीनों जोन में बाहरी फर्म को ठेका, 19 से शुरू होगा काम

अमृत विचार : डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए छह महीने से चल रही उठापटक अब खत्म हो गई। नगर निगम ने घरों से कूड़ा उठाने के लिए दो फर्मों का चयन कर दिया है। इस बार चारों जोन का ठेका दिया गया है, जिसमें एक जोन में स्थानीय और तीन जोन में बाहर की फर्म को ठेका दिया गया है। दोनों फर्म शहर से लगभग डेढ़ लाख घरों से कूड़ा उठाएंगी।

अक्टूबर 2023 में एक ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने के बाद शहर में कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी नगर निगम कर रहा था। इस दौरान कई बार काम करने वालों ने समय पर पैसा नहीं मिलने पर काम बंद कर दिया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। अब जोन एक, दो और तीन में कूड़ा उठाने का काम आरुषी फर्म और जोन- चार में पीपीपी सिक्यूरिटी इम्प्लॉयज सर्विस करेगी।

दामों की प्रतिस्पर्धा को पार करते हुए दोनों फर्मों के प्रतिनिधियों से अलग-अलग वार्ता की गई। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने फर्म तकनीकी योग्यता का परीक्षण कर प्रस्तुतीकरण देखा। इसमें कर्मचारी कैसे रखे जाएंगे, कूड़ा उठाने में कितनी गाड़ियों और ठेलों का इस्तेमाल किया जाएगा। कितने मैनेजर रखे जाएंगे और गाड़ियों में लगा जीपीएस कैसे काम करेगा आदि देखने के बाद फर्मों को अधिकृत किया गया।

नगर निगम बोर्ड बजट की बैठक में भी डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए टेंडर पास नहीं होने का मुद्दा पार्षदों ने उठाया था, तब अफसरों ने कहा था कि प्रक्रिया चल रही है। अफसरों ने फरवरी के अंत तक का समय मांगा था लेकिन मेयर डॉ. उमेश गौतम ने 15 फरवरी तक टेंडर फाइनल करने के निर्देश दिये थे। अफसरों ने तय समय के पहले यह काम पूरा कर दिया है। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश ने बताया कि फर्मों को ठेका दे दिया गया है। 19 फरवरी से डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन शुरू हो जाएगा।

# यह आखिरी डेडलाइन... पीडब्ल्यूडी मंत्री, कमिश्नर और मेयर के बाद अब वन मंत्री ने भी दी अफसरों को चेतावनी

### कुतुबखाना पुल का जिला पंचायत अध्यक्ष और कैंट विधायक के साथ निरीक्षण करने पहुंचे डॉ. अरुण कुमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सेतु निगम के अफसरों को हर हाल में पहली मार्च को पुल शुरू करने का निर्देश
- कोहाड़ापीर से कोतवाली तक पुल पर चल रहे निर्माण कार्य का लिया जायजा

अमृत विचार : वैसे तो कुतुबखाना पुल लगभग बन चुका है लेकिन अब वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने भी सेतु निगम के अफसरों को यह कहते हुए उसे एक मार्च तक हर हालत में शुरू करने की चेतावनी दी है कि यह आखिरी डेडलाइन है। हालांकि अब सेतु निगम के अफसर भी आश्वस्त हैं कि पुल एक मार्च को शुरू हो जाएगा। इससे पहले पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने 15 फरवरी तक पुल शुरू करने का अल्टीमेटम दिया था। कमिश्नर की ओर से कई बार इस तरह की चेतावनी दी जा चुकी है। सांसद संतोष गंगवार पिछले साल से ही लगातार दबाव बनाए हुए हैं।

वन मंत्री डॉ. अरुण सोमवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाज और जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल के साथ पहुंचे और एक बार फिर कार्यदायी संस्था, सेतु निगम और स्मार्ट सिटी के अफसरों के साथ कोहाड़ापीर से कोतवाली तक पुल पर पैदल चलकर निरीक्षण किया। पुल से उतरते ही व्यापारियों ने वन मंत्री को घेरकर अपनी समस्याएं बताई तो उन्होंने वादा किया कि अफसरों का अब कोई बहाना नहीं चलेगा। पहली मार्च को पुल शुरू करने की आखिरी डेडलाइन तय कर दी गई है। हर हाल में इस तारीख पर पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

बता दें कि कुतुबखाना पुल का निर्माण शुरू होते वक्त उसे पूरा करने की मियाद छह महीने घोषित की गई थी। लेकिन छह महीने में 25 फीसदी काम भी नहीं हो पाया। कभी दो और कभी तीन महीने बढ़ते हुए पुल पूरा होने में करीब डेढ़ साल लग गया। लोकसभा चुनाव नजदीक आने के बाद जनप्रतिनिधियों में बेचैनी बढ़ी तो जल्द निर्माण पूरा करने का दबाव शुरू हुआ। कमिश्नर ने कई बार निरीक्षण कर तय समयसीमा में काम पूरा करने का निर्देश दिया। पिछले महीने जितिन प्रसाद ने सांसद संतोष गंगवार के साथ पुल का निरीक्षण कर सेतु निगम के जीएम को हर हाल में 15 फरवरी को पुल शुरू की चेतावनी दी। पिछले सप्ताह मेयर उमेश गौतम ने दौरा किया तो बताया गया कि 28 फरवरी तक काम पूरा हो जाएगा।।

**25 तक पूरे कर लिए जाएंगे सभी काम :** कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने निरीक्षण के दौरान पुल के नीचे कुतुबखाना चौक पर सभी व्यवस्थाएं तीन दिन में हर हाल में दुरुस्त कर लेने के निर्देश दिए। दूसरे कामों के बारे में सेतु निगम के अफसरों से सवाल किया तो बताया गया कि पुल पर सड़क का निर्माण 15 फरवरी से शुरू हो जाएगा। व्यू कटर, पुताई, बिजली के खंभे समेत बाकी सभी काम 25 तक पूरे करने के बाद 28 फरवरी या एक मार्च को पुल का उद्घाटन कराने की बात कही गई।

**मुख्यमंत्री कर सकते हैं पुल का उद्घाटन :** वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि यह पुल बरेली की लाइफलाइन साबित होगा। व्यापारियों ने इस पुल की वजह से काफी दिक्कतें झेली हैं। अब पुल बनने से कोहाड़ापीर से कोतवाली होते हुए सिविल लाइंस और रेलवे स्टेशन जाने वालों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने बताया कि इस पुल का उद्घाटन करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आ सकते हैं।


कुतुबखाना पुल का निरीक्षण करते मंत्री डॉ. अरुण कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और विधायक संजीव अग्रवाल। ● अमृत विचार

### मेयर से मिलने पहुंचे ठेले-फड़ वाले, कुतुबखाना पुल के नीचे वेंडिंग जोन बनाने का किया आग्रह



बरेली, अमृत विचार : ठेले और फड़ वालों ने सोमवार को मेयर उमेश गौतम को ज्ञापन देकर कुतुबखाना पुल के नीचे भी वेडिंग जोन घोषित करने की मांग की। यहां उन लोगों को दुकानें आवंटित की जाएं, जिन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत लोन लेकर चुकता किया है। जनता ठेला, रेहड़ी और पटरी सेवा समिति के अध्यक्ष सैय्यद तकी अहमद के साथ आए लोगों ने कुमार टाकीज के आसपास के क्षेत्र को वेडिंग जोन बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक यह जोन नहीं बने तब तक निगम में पंजीकृत लोगों को ही यहां कारोबार करने की अनुमति देते हुए कार्ड जारी किए जाएं, ताकि अतिक्रमण अभियान में उन्हें परेशान नहीं किया जाए। मेयर ने आश्वासन दिया है कि पुल के नीचे यदि वेंडिग जोन बनाया गया तो समिति की मांग को प्राथमिकता दी जाएगी।

### मेयर का सीएम को पत्र- महादेव हो कुतुबखाना पुल का नाम, उद्घाटन का समय भी मांगा

बरेली, अमृत विचार : मेयर उमेश गौतम ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहर में बने स्मार्ट सिटी के तहत बने कुतुबखाना पुल का नाम महादेव पुल रखने का आग्रह किया है। नगर निगम की 16 फरवरी को होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में यह प्रस्ताव रखा जाएगा। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में मेयर ने कहा है कि कुतुबखाना से कोहाड़ापीर तक पुल स्मार्ट सिटी कंपनी बनवा रही है जो उद्घाटन के लिए तैयार है, इसका नामकरण भी किया जाना है। मेयर ने मुख्यमंत्री से जनता की मांग के अनुरूप नाथ नगरी में इस पुल का नाम महादेव फ्लाईओवर रखने का आग्रह किया है। पुल का उद्घाटन करने की भी मांग की है। मेयर ने बताया कि पुल के नामकरण का प्रस्ताव कार्यकारिणी से कराने के लिए 16 तारीख को बैठक भी बुलाई है।

## नाथ कॉरिडोर : तपेश्वर नाथ मंदिर मार्ग चौड़ा करने में रेलवे की अड़चन




कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मार्ग के चौड़ीकरण के लिए रेलवे से लेनी होगी एनओसी
- सात शिव मंदिरों को जोड़ने वाले मार्गों का हो रहा है चौड़ीकरण

अमृत विचार : नाथ कॉरिडोर के तहत शहर के सात शिव मंदिरों को जोड़ने के लिए सड़कों के चौड़ीकरण का काम पीडब्ल्यूडी ने शुरू कर दिया है। दो सड़कों का काम पिछले महीने शुरू हो गया है और आठ के टेंडरों का परीक्षण हो रहा है लेकिन तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण में देरी हो सकती है, क्योंकि इसके लिए रेलवे की एनओसी लेनी पड़ेगी।

सुभाषनगर अंडरपास से रेलवे कॉलोनी होते हुए 1.29 किमी लंबा मार्ग साढ़े तीन से पांच मीटर तक चौड़ा है। सभी मार्गों से इसकी चौड़ाई सबसे कम है। इस मार्ग के चौड़ीकरण के लिए पिछले दिनों टेंडर निकाला गया था। सिंगल टेंडर प्राप्त होने पर इसे रिजेक्ट कर फिर से अपलोड किया गया। अब दोबारा टेंडर 21 फरवरी को खुलेगा। अफसरों का दावा है कि नाथ कॉरिडोर में शामिल सभी 11 सड़कें कम से कम सात मीटर और अधिकतम दस मीटर चौड़ी की जाएंगी। दिसंबर 2023 में आठ और जनवरी 2024 में नाथ कॉरिडोर की तीन सड़कों के लिए पीडब्ल्यूडी मंत्री ने बजट दिया था। जिसके बाद सबसे पहले डेलापीर तिराहा से सूद धर्मकांटा और यहां से त्रिबटीनाथ मंदिर मार्ग पर काम शुरू किया। वनखंडीनाथ मंदिर से पशुपतिनाथ मंदिर, किला क्रॉसिंग से अलखनाथ मंदिर समेत आठ मार्गों के लिए टेंडर हाल ही में निकाले गए थे। पोर्टल पर प्राप्त हुए टेंडरों का अभी परीक्षण चल रहा है, जबकि तपेश्वरनाथ मंदिर के लिए सुभाषनगर नगर अंडर पास से होते हुए जाने वाले मार्ग को लेकर प्रक्रिया चल रही है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के मुताबिक तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण में देरी हो सकती है, क्योंकि इसके लिए रेलवे से अनुमति लेनी होगी।

### अधिकतम 10 मीटर तक चौड़ी होंगे मार्ग

नाथ कॉरिडोर के 15.64 किलोमीटर 11 मार्गों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण प्रस्तावित है। एक्सईएन नारायण सिंह ने बताया कि नॉथ कारिडोर में शामिल सड़कों को कम से कम सात मीटर और अधिकतम दस मीटर तक चौड़ा किया जाना है। सबसे कम चौड़ी सुभाषनगर के तपेश्वरनाथ मंदिर मार्ग को जाने वाली सड़क है। कहीं साढ़े तीन मीटर तो कहीं चार से पांच मीटर सड़क चौड़ी है। 31 मार्च तक नाथ कॉरिडोर के सात शिव मंदिरों को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को काम पूरा हो जाएगा।

## बिजली चोरी की थी आशंका, 35 घरों की केबल बदली

बरेली, अमृत विचार : पुराने शहर में बिजली चोरी की शिकायतें मिलने पर अधिकारियों ने उपभोक्ताओं के कनेक्शन की केबल बदलने का काम शुरू कर दिया है। सोमवार को 35 से अधिक घरों में लगी साधारण केबल को हटाकर आर्मर्ड केबल लगाई गई। इसके अलावा 32 उपभोक्ताओं के छह लाख रुपये का बकाया बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटे गए।

शहर में बिजली चोरी होने से लाइन लॉस होता है। कटरा चांद खां, सेमलखेड़ा, सैलानी, हजियापुर, हरिजन बस्ती में बिजली चोरी होने की अधिक शिकायतें अधिकारियों के पास आ रही हैं। उपखंड अधिकारी गौरव शर्मा ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए है उनके मीटर उखाड़कर आरसी जारी करने की कार्रवाई की जाएगी।

## लाइनों की मरम्मत, 50 हजार घरों की बिजली रही गुल

बरेली, अमृत विचार : शहर में सोमवार को हरुनगला, पवन विहार, डेलापीर और एकता नगर में बिजली कटौती की गई। इससे करीब 50 हजार से अधिक घर प्रभावित हुए।

- हरुनगला, पवन बिहार, डेलापीर और एकता नगर में की गई कटौती

गर्मी में बेहतर बिजली मिले इसके लिए फरवरी में अनुरक्षण काम कराने के नाम पर हर रोज घंटों बिजली कटौती की जा रही है। सोमवार को एकता नगर और ब्रह्मपुरा फीडर की आपूर्ति दोपहर में कई घंटे बाधित रही। हरुनगला में 33 केवी की लाइन पर काम कराने के चलते गोल्डन ग्रीन पार्क, अमित विहार, मानसरोवर, कृष्णा नगर, तुलसी नगर, सुपर सिटी, ग्रीन पार्क,, हारुनगला, कृष्णा नगर पवन विहार, फाईक एन्क्लेव ,आशीष रॉयल पार्क सुबह 11 से शाम चार बजे तक आपूर्ति बाधित रही। नैनीताल रोड और गांधीनगर में दोपहर 12 से शाम चार तक आपूर्ति बंद रहेगी। वहीं डेलापीर रोड पर सुबह 11 से शाम 5 बजे आपूर्ति बाधित रही। अधिशासी अभियंता अमित आनंद ने बताया कि मंगलवार को कुतुबखाना पुल निर्माण को लेकर सरायखाम, आजमनगर, पुराना बस अड्डा, पंजाबी मार्केट और गोल मार्केट में सुबह 11 से लेकर 3 बजे तक का शटडाउन रहेगा।

## जंक्शन पर कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं

बरेली, अमृत विचार : बरेली जंक्शन पर सोमवार को करीब आधा दर्जन ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे।

जंक्शन पर 12232 चंडीगढ़ लखनऊ एक्सप्रेस एक घंटा 26 मिनट, 13307 गंगा सतलुज एक घंटा, 13009 दून दो घंटा 30 मिनट, 14649 सरयू यमुना एक घंटा 52 मिनट, 15715 गरीब नवाज एक घंटा 10 मिनट, 12317 अकाल तख्त एक्सप्रेस एक घंटा 34 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। वहीं शहीद एक्सप्रेस, कानपुर सेंट्रल गरीबरथ और प्रयागराज योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें निरस्त रहीं।

## हल्द्वानी के लिए बसों का संचालन हुआ सामान्य

बरेली, अमृत विचार : बरेली से हल्द्वानी के लिए अब सामान्य तरीके से बसें चलने लगी हैं, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिली। बसें अब हल्द्वानी बस अड्डे तक जा रही हैं लेकिन यात्रियों की संख्या अभी कम है। हल्द्वानी के बनभूलपुरा में आठ फरवरी को बवाल के बाद बसों का संचालन रोक दिया गया था। उसके बाद बाहर तक बसें चलाई जा रही थीं। पुराने बस अड्डे की इंचार्ज लक्ष्मी राठौर ने बताया कि अब हल्द्वानी के लिए जल्द ही बसों का संचालन पूरी तरह से शुरू हो जाएगा।

# मार्च तक पूरा हो पाएगा सीवर लाइन जोड़ने का काम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सरायतल्फी एसटीपी की है 35 एमएलडी पानी शुद्ध करने की क्षमता
- सीवर लाइन न जुड़ने से अभी सिर्फ 14 एमएलडी पानी हो रहा है साफ

अमृत विचार : शहर में सीवर लाइन के लिए खुदी पड़ी सड़कों से अभी एक महीने तक लोगों को परेशानी उठानी पड़ेगी। अधिकारी मार्च तक काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं। जल निगम ने अधिकारियों को इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंप दी है। सीवर लाइन डालने के बाद सरायतल्फी एसटीपी में 25 एमएलडी पानी का शोधन शुरू हो जाएगा।

शहर के सेंट्रल जोन में पुराना शहर, सिविल लाइंस आदि क्षेत्रों 155 किमी लंबी सीवर लाइन बिछाने के लिए जल निगम ने प्रोजेक्ट बनाया था। इसमें 170 करोड़ रुपये में पुरानी लाइनों की जगह नई लाइन बिछाने का काम होना था। नगर निगम ने पुरानी लाइन को यथावत रखने के निर्देश दिये तो अब सिर्फ 35 किमी सीवर लाइन डाली गई। नई लाइन डालने के बाद अब पुरानी लाइनों को नई लाइनों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। सभी सीवर लाइन नहीं जुड़ने से सरायतल्फी का एसटीपी भी पूरी क्षमता से नहीं चल पा रहा है। पहले यह 10 एमएलडी तक चल रहा था। कुछ नई सीवर लाइनें जुड़ीं तो 14 एमएलडी तक नालों का पानी गिरने लगा है।


अलखनाथ रोड पर गंदे पानी से होकर गुजरते लोग। ● अमृत विचार

### लाइन नहीं जुड़ने से हो रही परेशानी

पुरानी लाइनों को जोड़ने में दिक्कत आ रही है क्योंकि काम के दौरान सतर्कता बरती जा रही है ताकि टूटफूट न हो। नई तकनीक जमीन के अंदर एक मीटर तक गहराई में कुछ होने की जानकारी देती लेकिन शहर में पांच छह फिट गहराई में भी कहीं बिजली की केबल है तो कहीं चैंबर भी सामने आए हैं। शहामतगंज में काम करते समय चैंबर आ गया था। निर्माण एजेंसी के मुताबिक जिला पंचायत रोड और चौपुला से पटेल चौक वाली रोड, गढ़ी पुलिस चौकी के पास नाले को क्रास कराते हुए सीवर लाइन जोड़ने का काम बाकी है। बीबीएल स्कूल के पास सीवर लाइन को जोड़ दिया गया है। यहां सड़क बनाने का काम बाकी है। इसकी वजह से स्कूलों के बच्चों को आवाजाही में परेशानी हो रही थी।





# ड्राइविंग टेस्ट : सिर्फ पांच हजार देने हैं... फिर चाहकर भी फेल नहीं हो सकते

## परसाखेड़ा में ढाई सौ से ज्यादा अत्याधुनिक सेंसर और सीसीटीवी कैमरों से लैस ऑटोमैटिक ट्रैक पर अफसरों की साठगांठ से जमे बिचौलियों का दावा

आसिफ अंसारी, बरेली

**अमृत विचार :** परसाखेड़ा में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक इसलिए बनाया गया था ताकि मानकों पर खरे उतरने के बाद ही ड्राइविंग लाइसेंस जारी हों लेकिन हर हाल में कमाने-खाने के रास्ते तलाश कर लेने वाले सिस्टम ने इसे भी फेल कर दिया है। अब यहां ड्राइविंग टेस्ट में पास होने के लिए ड्राइविंग आनी जरूरी नहीं रह गई है। अगर पांच हजार रुपये का अतिरिक्त खर्च करने का माद्दा है तो बगैर किसी दिक्कत के ड्राइविंग लाइसेंस बन जाएगा।

कथित हाईटेक ट्रैक पर इस गारंटी के साथ यह ठेका लिया जा रहा है कि पैसे देने के बाद कोई चाहकर भी फेल नहीं हो सकता। आरटीओ में तमाम काम पूरी तरह खुले तौर पर बिचौलियों के जरिए होते हैं, अब ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर भी अफसरों की साठगांठ से बिचौलियों का कब्जा हो गया है। बाइक ड्राइविंग का लाइसेंस बनवाना हो या कार का, बिचौलियों के जरिए यह काम कराना बेहद आसान हो गया है। इसकी पुष्टि सोमवार को तब हुई जब अमृत विचार संवाददाता ने खुद एक बिचौलिये से ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए बात की। बिचौलिये ने पांच हजार रुपये देने पर टेस्ट में पास कराने की गारंटी ली। फेल होने की आशंका जताने पर बोला, पैसे किस बात के ले रहे हैं।

चाहकर भी फेल नहीं हो सकते, जिम्मेदारी हमारी है। बता दें कि परसाखेड़ा के ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर ढाई सौ से ज्यादा अत्याधुनिक सेंसर और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। शुरुआत के वक्त दावा किया गया था कि इस ट्रैक पर कोई धांधली नहीं हो सकती लेकिन कुछ ही समय बाद इस दावे को गलत साबित कर दिया गया। पैसे लेकर ड्राइविंग टेस्ट में पास किए जाने की शिकायतों के बाद सितंबर 2022 में जांच की गई तो पता चला कि ट्रैक पर लगे ढाई सौ सेंसरों में से करीब आधे सेंसर खराब कर दिए गए हैं। परिवहन विभाग के अफसरों और बिचौलियों ने आपस में साठगांठ कर ड्राइविंग टेस्टिंग के ऑटोमेटिक सिस्टम को मटियामेट करने का क्या रास्ता तलाश किया है, यह नई जांच का विषय है।

▸▸ ऑटोमेटिक ट्रैक पर पैसे देकर पास कराने की पूरी गारंटी हाईटेक सिस्टम भी फेल

▸▸ पास होने वालों की संख्या अचानक बढ़ने के बाद भी संज्ञान नहीं ले रहे अफसर




### शुरू में पास होने का औसत एक प्रतिशत, अब 20

शुरुआत में टेस्ट पास बड़ी चुनौती था। विभाग ने उस वक्त कार ड्राइविंग का टेस्ट देने वाले 1789 लोगों में से सिर्फ 18 लोगों के पास होने को मिसाल बताया था। अब यह स्थिति है कि रोज यहां 40 से 50 लोगों का टेस्ट होता है जिनमें से 10 से 12 लोग पास हो जाते हैं। कई लोग ऐसे भी हैं जो पहले टेस्ट में फेल हुए और कुछ दिन बाद पैसे देकर लाइसेंस बनवाने में सफल हो गए।

### धीरे-धीरे आसान होती गईं सारी मुश्किलें

पांच हजार वर्गमीटर में बना ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक कानपुर के बाद प्रदेश का दूसरा ऑटोमेटिक ट्रैक है। ट्रैक पर एच, एफ, एस, पार्किंग, यूटर्न के साथ आठ जेब्रा क्रॉसिंग और प्रमुख ट्रैफिक सिग्नल बनाए गए हैं। सभी जगह सेंसर लगे हैं, जिन्हें कंट्रोल रूम से कनेक्ट किया गया है। जरा सी गलती करने वाला कोई भी आवेदक इस पर फेल हो जा रहा था लेकिन अब ऐसा नहीं है।

परसाखेड़ा ट्रैक पर जो लोग टेस्ट में पास हो रहे हैं, उन्हीं के ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। अगर पैसे लेकर कोई पास कराने की गारंटी दे रहा है तो प्रूफ दीजिए। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। - **मनोज सिंह**, एआरटीओ प्रशासन

### साठगांठ न होती तो कुछ तो कार्रवाई होती

जुलाई 2022 से शुरू हुए ट्रैक पर सितंबर तक एक दिन में अधिकतम तीन-चार लोगों के पास होने का औसत था।

**अक्टूबर 2022 में एक ही दिन में टेस्ट में पास हो गए थे 40 से ज्यादा लोग**

अक्टूबर से यह संख्या बढ़ने लगी। 29 अक्टूबर 2022 को एक ही दिन में 40 आवेदक पास होने के बाद जांच हुई तो पता चला कि ट्रैक का सुपरवाइजर रात नौ बजे तक आवेदकों को अपनी गाड़ी से टेस्ट दिलाकर पास कराता रहा। इस जांच के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो साबित हो गया कि इस भ्रष्टाचार में ऊपर तक अफसर शामिल थे। इसके बाद भी कई बार ड्राइविंग ट्रैक पर घपले किए जाने के आरोप लगे लेकिन अफसरों ने उन पर ध्यान तक नहीं दिया।

### उज्ज्वला : कनेक्शन मिला नहीं फिर भी बना दिया लाभार्थी

**बरेली, अमृत विचार :** सुरेशशर्मा नगर की एक गैस एजेंसी के रिकॉर्ड में उज्ज्वला लाभार्थी के तौर पर दर्ज एक महिला ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है कि उसे कनेक्शन दिए बगैर उसका नाम कागजों में दर्ज कर दिया गया है। बिथरी के गांव मुड़िया अहमद नगर की चंदा ने शिकायत में कहा है कि उन्होंने पहले भी जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की थी जिसकी जांच हुई तो एजेंसी ने अपने रिकॉर्ड में उनके नाम कनेक्शन के साथ चूल्हा, रेग्युलेटर और सिलेंडर देना दिखा दिया। चंदा का कहना है कि उपभोक्ता नंबर के साथ गैस एजेंसी को यह भी बताना चाहिए कि सब्सिडी किस खाते में जा रही है और कनेक्शन के साथ कौनसा मोबाइल नंबर लिंक है। चंदा के बेटे इमरान ने बताया कि वह अपनी मां का आधार लेकर रिठौरा की एक एजेंसी पर उज्ज्वला कनेक्शन लेने पहुंचे तो पता चला कि सुरेश शर्मा नगर की एजेंसी से इस आधार पर कनेक्शन जारी किया जा चुका है। उधर, गैस एजेंसी मालिक का कहना है कि शिकायतकर्ता के आरोप निराधार हैं। वहीं योगी सरकार ने उज्ज्वला लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेंडर देने का एलान किया है। जिले में करीब 3.90 लाख लाभार्थियों को यह लाभ दिया जाना है लेकिन इसमें भी धांधली के आरोप लग रहे हैं। सीबीगंज की रिजवाना बी ने शिकायत की है कि एजेंसी रबर पाइप लेने का भी दबाव बना रही है।

### आपत्तिजनक पोस्ट करने पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला में मोहल्ला विलायतगंज युवक ने फेसबुक और इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट डाल दी। हिंदू जागरण मंच ने एडीजी को एक्स पर पोस्ट कर शिकायत की। पुलिस ने आरोपी उदयवीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# तौकीर से न डरे जनता, इस बार जरूर होगी कार्रवाई

## भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा- लखनऊ में हो गई है बात, कार्रवाई के लिए बन रही है योजना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा है कि मौलाना तौकीर रजा की धमकियों से जनता को डरने की जरूरत नहीं है। तौकीर पर इस बार कार्रवाई जरूर होगी। वह इसीलिए दिल्ली से आए हैं। लखनऊ में बात हो गई है, प्लान भी बन रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले जब भी राजनीतिक घटनाक्रम शुरू होते हैं, मौलाना की ओर से यह उछलकूद शुरू हो जाती है। उन्होंने वरिष्ठ नेताओं को इससे अवगत कराकर इसकी जांच कराने को कहा है। मौलाना अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं लेकिन उनका जनाधार होता तो शहर का मेयर उन्हीं की पार्टी आईएमसी का होता।

राजेश अग्रवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2010 और 2012 का वह मंजर बरेली की जनता नहीं भूल सकती, जब कर्फ्यू होने के बावजूद मौलाना तौकीर ने इस्लामिया ग्राउंड पर हजारों की भीड़ इकट्ठी कर ली थी। तब कालीबाड़ी, फाल्तूनगंज और सिकलापुर के लोगों ने सड़क पर आकर तौकीर रजा की योजना को फेल कर दिया था। तब सरकार ने मौलाना पर केस तो दर्ज किया था लेकिन कार्रवाई नहीं की। लेकिन अब वह बरेली की जनता को आश्वासन दे रहे हैं कि मौलाना पर कार्रवाई होगी। वह इसीलिए दिल्ली से बरेली आए हैं।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने खुलासा किया कि 2010 के दंगे के बाद मौलाना तौकीर रजा पर दर्ज केस वापस लिया जा चुका है। यह भी कहा कि केस क्यों वापस लिया गया, यह उस समय की सरकार को ही पता होगा। उन्होंने कहा कि तौकीर रजा के सुप्रीम कोर्ट, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सभी को अपशब्द कहने के बाद भी कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई, यह प्रशासन बता सकता है। यह बात वह भी प्रशासन से पूछेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, पार्टी प्रवक्ता बंटी ठाकुर और उमेश कठेरिया भी मौजूद रहे।



राजेश अग्रवाल के साथ रश्मि पटेल।

▸▸ बोले- चुनाव से पहले हर बार होती है उछलकूद, वरिष्ठ नेताओं से की है जांच की मांग

▸▸ कार्रवाई कराने के लिए ही आया हूं दिल्ली से, अल्पसंख्यकों को भड़काते हैं मौलाना

### बरेली हवाई अड्डे के नामकरण का मामला दिल्ली में लंबित

भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ने कहा कि बरेली में असुरों के गुरु शुक्राचार्य और पांडवों का निर्मित शिवमंदिर है। जनता के सहयोग से बरेली नाथ नगरी का रूप ले चुकी है। जब वह प्रदेश के वित्तमंत्री थे, तब उन्होंने एयर टर्मिनल बनाने को बजट आवंटित किया था। उसी फाइल के नोट में बरेली एयर टर्मिनल का नाम नाथ नगरी एयर टर्मिनल रखने की बात दर्ज की थी। यह मामला अभी दिल्ली में लंबित है।

### व्यापारियों की मांग, पीएम-सीएम पर टिप्पणी करने के मामले में मौलाना तौकीर पर कार्रवाई करे पुलिस

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर अपमानजनक टिप्पणी से व्यापारी नाराज हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर तौकीर रजा पर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी कार्यालय में दिए ज्ञापन में कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई व्यक्ति सोशल मीडिया पर टिप्पणी से माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो तुरंत एक्शन लिया जाता है, लेकिन तौकीर रजा पर एक्शन अब तक नहीं लिया गया। जल्द कार्रवाई न हुई तो व्यापारी धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में व्यापार मंडल के अध्यक्ष शोभित सक्सेना, जिलाध्यक्ष राजकुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### तौकीर को दोषी मान रहे हैं तो पहले मुझे गिरफ्तार करें

**बरेली, अमृत विचार :** खानकाह-ए-तहसीनिया के प्रबंधक और इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत मिशन के अध्यक्ष मौलाना सुहैब रजा खां ने एक बयान में कहा है कि अगर किसी को लगता है कि तौकीर मियां दोषी हैं तो पहले उन्हें गिरफ्तार किया जाए। क्योंकि पुराना शहर की कयादत उनके जिम्मे थी। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को अपशब्द कहने का भी आरोप निराधार हैं। शुक्रवार को मौलाना की ओर से प्रदर्शन संविधान के दायरे में रहकर किया गया। प्रदर्शनकारियों की ओर से किसी भी हिंसा की शुरुआत नहीं की गई। जो लोग मौलाना पर आरोप लगा रहे हैं, उन्हें सच्चाई का पता लगाना चाहिए। सुहैब मियां ने कहा कि वह खुद शहामतगंज में मौजूद थे और प्रशासन के कहने पर उन्होंने धरना स्थगित करने का एलान किया था। इसके बाद लोग चौराहा खाली करके शांति से अपने घर चले गए थे। पत्थरबाजी की शुरुआत गुड़मंडी की तरफ से हुई। इसमें प्रदर्शन से लौट रहे छह लोगों को गंभीर चोट भी आई हैं। झूठे मुकदमे लगाने के बजाय असल दोषियों को चिह्नित किया जाना चाहिए। सरकार निष्पक्ष कार्रवाई करे तो यह सराहनीय कदम होगा।

▸▸ सुहैब मियां ने कहा- प्रदर्शनकारियों ने नहीं की थी हिंसा की शुरुआत

# धर्मस्थल की दीवार तोड़ने की खबर से तनाव, पुलिस ने कहा- शराबियों का झगड़ा

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

▸▸ एसपी देहात मौके पर पहुंचे, रात में ही टूटी दीवार का कराया गया निर्माण, गांव में फोर्स तैनात

**अमृत विचार :** मंदिर में पूजा कर रहे ग्रामीण से गाली-गलौज, मारपीट और दीवार तोड़ने पर गुस्सा फैल गया। एसपी ग्रामीण और सीओ रात में ही पुलिस के साथ गांव पहुंच गए। पुलिस को देख आरोपी फरार हो गए। तनाव को देखते हुए पुलिस ने रात में ही दीवार का निर्माण शुरू करा दिया। मंदिर और गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

अगरास गांव के पूर्व दिशा में पीपल का वृक्ष है। उसी के पास एक मंदिर बना है। सोमवार देर शाम करीब आठ बजे गांव के ही दीपचंद्र वहां पूजा कर रहे थे। मंदिर के पास ही फसल की रखवाली कर रहा दन्ने और उसका बेटा किसी बात पर गाली-गलौज करने लगे। दीपचंद्र ने गाली देने का विरोध किया तो दोनों ने डंडे से पीट दिया। इसके बाद कई लोगों को बुला लिया।

आरोप है उन लोगों ने धार्मिक स्थल की दीवार ढहा दी। दीपचंद्र ने गांव जाकर बताया तो गुस्सा फैल गया। सूचना मिली तो थाना प्रभारी का कार्यभार देख रहे दरोगा ब्रहमपाल फोर्स के साथ गांव पहुंच गए। पुलिस को देखकर आरोपी फरार हो गए। कुछ देर में एसपी ग्रामीण मुकेश मिश्रा, सीओ हाईवे नितिन कुमार भी पहुंच गए। आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई के आश्वासन पर लोग शांत हुए। एसपी देहात के आदेश पर रात में ही दीवार बनवाई जाने लगी। तनाव को देखते हुए गांव और धार्मिक स्थल पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया।


एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि कुछ लोगों ने धार्मिक स्थल से कुछ दूर पर शराब पी। इसके बाद किसी बात पर एक-दूसरे से गाली गलौज और मारपीट करने लगे। इस दौरान धार्मिक स्थल की दीवार की ईंटें निकल गईं। किसी व्यक्ति ने झूठी अफवाह फैला दी। गांव में शांति है। दीवार सही कराई जा रही है।

# जनप्रतिनिधियों से हाल पूछकर मुख्यमंत्री संभल रवाना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** संभल में प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के मद्देनजर चल रही तैयारियों का जायजा लेने जाते समय सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

हाल चाल पूछने के बाद मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से संभल रवाना हो गए। 19 फरवरी को संभल में कल्कि धाम का शिलान्यास होना है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जा सकते हैं। तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुख्यमंत्री सोमवार को लखनऊ से हेलीकॉप्टर से करीब 10.30 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां पांच मिनट के चेंजओवर के दौरान सांसद आंवला धर्मेंद्र कश्यप, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, बरेली जिलाध्यक्ष पवन शर्मा आदि भाजपा नेता मिले। मुख्यमंत्री ने हालचाल पूछा और फिर संभल रवाना हो गए।



▸▸ त्रिशूल एयरपोर्ट पर चेंजओवर के दौरान जनप्रतिनिधियों ने सीएम से की मुलाकात

# हाईवे पर मजदूर के शव को घंटों रौंदते रहे वाहन

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** टोल प्लाजा के पास हाईवे पर सोमवार तड़के एक व्यक्ति की किसी अज्ञात वाहन से कुचलकर मौत हो गई। इसके बाद घंटों तक वाहन शव को रौंदते रहे। दिन निकलने तक शव की दुर्दशा हो गई। कपड़ों के टुकड़ों से हुई शिनाख्त के बाद पता लगा कि मृतक गांव ठिरिया खेतल में रहने वाले 50 वर्षीय भीमपाल थे।

ग्रामीणों के मुताबिक भीमपाल राजपूत मजदूरी करते थे। रोज की तरह सोमवार तड़के वह शौच के लिए हाईवे पर होते हुए कुंडा वाले थान की तरफ जा रहे थे। तभी किसी वाहन ने उन्हें कुचल दिया। सुबह लोगों की निगाह पड़ने तक तमाम वाहनों के ऊपर से गुजर जाने की वजह से शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। भीमपाल के परिवार में पत्नी ओमवती, पांच बेटे और एक बेटी है।




**स्वर्गधाम की राह में भी जाम की अड़चन**

संजयनगर तिराहे पर सोमवार को लगे लंबे जाम में स्वर्गधाम वाहन भी फंसा रहा। ● अमृत विचार

### छुट्टा पशुः भूख हड़ताल पर बैठे भाकियू तहसील अध्यक्ष



**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** ब्लॉक मुख्यालय पर छुट्टा पशुओं की समस्या को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे भाकियू सदस्यों की चार दिन तक सुनवाईनहीं हुई तो पांचवें दिन तहसील अध्यक्ष सुधीर बालियान भूख हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि अगर भूख हड़ताल के बावजूद दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं हुई तो आमरण अनशन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान अरविंद सिंह, राकेश सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, झंडू सिंह गंगवार आदि लोग धरना स्थल पर बैठे है।

# मनरेगा में न श्रमिकों के भुगतान, न निर्माण सामग्री खरीदने का बजट

अनुपम सिंह, बरेली

▸▸ ग्राम पंचायतों में कराए गए विकास कार्यों में इस्तेमाल सामग्री का छह माह से लटका है भुगतान

▸▸ सामग्री अंश की 14 करोड़ 53 लाख से ज्यादा की है देनदारी, प्रभावित हो सकते हैं निर्माण कार्य

**55.68** लाख का भुगतान मनरेगा श्रमिकों का लटका

**03** माह से नहीं हुआ है श्रमिकों को भुगतान

**अमृत विचार :** जिले में मनरेगा का हाल दिन पर दिन बुरा होता जा रहा है। स्थिति यह है कि समय से किसी भी मद का भुगतान नहीं हो पा रहा है। श्रमिकों से लेकर सामग्री तक का भुगतान लटका हुआ है और जिम्मेदार हैं कि उधार की पटरी पर विकास की गाड़ी को लगातार खींचने में लगे हैं।

जिले में 1188 ग्राम पंचायतें हैं। मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में बेरोजगारों को साल में 100 दिन का रोजगार देने की गारंटी दी जाती है, मगर पिछले कुछ समय से स्थिति डांवाडोल होती जा रही है। श्रमिकों से लेकर सामग्री तक का भुगतान समय से नहीं हो पा रहा है। श्रमिक तो परेशान हैं ही उधार निर्माण सामग्री देने वाली फर्मों के संचालक भी मुश्किल में हैं। मनरेगा वेबसाइट के अनुसार सामग्री मद का 14 करोड़ 53 लाख से भी ज्यादा का भुगतान लटका हुआ है। पिछले छह माह से सप्लायरों का भुगतान नहीं हो सका है। कई बार सप्लायरों ने सामग्री देने से मना कर दिया। भुगतान को लेकर स्थिति ऐसी ही रही तो निर्माण कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

एक फर्म के संचालक ने बताया कि एक साल पहले दमखोदा ब्लॉक में गोशाला के निर्माण में वेल्डिंग का कार्य किया था। सचिव के कहने पर काम किया था, मगर भुगतान नहीं किया गया है। यह समस्या किसी एक की नहीं है बल्कि ज्यादातर सप्लायर भुगतान का दुखड़ा रो रहे हैं। सप्लायर कहते हैं कि भुगतान कब मिलेगा पता नहीं। भुगतान की बात आने पर अधिकारी पल्ला झाड़ लेते हैं।

### नवाबगंज में सबसे ज्यादा 367.42 लाख बकाया

भुगतान में सबसे खराब स्थिति नवाबगंज ब्लाक की है। यहां सबसे ज्यादा 367.42 लाख रुपये का भुगतान लटका हुआ है। सबसे कम भुगतान क्यारा ब्लॉक में 7.27 लाख बाकी है। आलमपुर जाफराबाद में 46.37 लाख, बहेड़ी में 135.76 लाख, भदपुरा में 181.18 लाख, भोजीपुरा में 74.22 लाख, भुता में 140.33 लाख, बिथरी चैनपुर में 50.67 लाख, दमखोदा में 75.95 लाख, फरीदपुर में 51.05 लाख, फतेहगंज पश्चिमी में 34.45 लाख, मझगवां में 143.25 लाख, मीरगंज में 26.66 लाख, रामनगर में 1.84 लाख, शेरगढ़ में 6.85 लाख रुपये बकाया हैं।

### राजगीरों का भी 56 लाख का भुगतान बकाया

निर्माण कार्य करने वाले राजगीर भी भुगतान के लिए परेशान हैं। उनका करीब एक करोड़ 56 लाख रुपये से अधिक बकाया है। ब्लॉक वार स्थिति देखें तो आलमपुर जाफराबाद में 5.68 लाख रुपये, बहेड़ी में 7.28 लाख, भदपुरा में 20.36 लाख, भोजीपुरा में 13.4 लाख, भुता में 11.92 लाख, बिथरी चैनपुर में 9.1 लाख, दमखोदा में 9.6 लाख, फरीदपुर में 9.7 लाख, फतेहगंज पश्चिमी में 6.75 लाख, क्यारा में 1.98 लाख, मझगवां में 6.29 लाख, मीरगंज में 2.82 लाख, नवाबगंज में 42.66 लाख, रामनगर में 1.84 लाख और शेरगढ़ में 6.85 लाख रुपये का भुगतान बकाया है।

### कर्मचारियों का भी मानदेय लटका

मनरेगा में सिर्फ श्रमिकों, सप्लायरों का ही भुगतान नहीं लटका है, कर्मचारियों को भी महीनों से मानदेय नहीं मिला है। एपीओ, तकनीकी सहायक, लेखा सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर और ग्राम रोजगार सेवक मानदेय न मिलने से परेशान हैं।

### बवाल करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश

शहामतगंज में बवाल करने वाले चिह्नित 12 उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का दावा है कि सभी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही अन्य आरोपियों की भी पहचान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से की जा रही है। एसएसपी ने बताया कि माहौल खराब करने वालों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# जमीन के बदले नौकरी मांगने वाले किसानों का आरोप-हमसे टॉयलेट साफ करा रहे हैं इफको में

## एसडीएम पर इफको की पैरवी का आरोप लगाकर वार्ता का बहिष्कार, धरना जारी

**आंवला, अमृत विचार :** इफको से जमीन के बदले नौकरी मांगने वाले किसानों ने सोमवार को एसडीएम की मध्यस्थता में हुई वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि महीने में 24 दिन रोजगार देने का वादा करने वाला इफको प्रशासन उनसे टॉयलेट साफ करा रहा है। वार्ता के दौरान एसडीएम ने एक किसान को बोलने से रोका तो उन पर इफको की पैरवी का आरोप लगाते हुए किसानों ने वार्ता का बहिष्कार कर दिया और वापस धरनास्थल पर पहुंच गए। इसके साथ 15 फरवरी से अपना आंदोलन उग्र करने की भी चेतावनी दे दी।

किसान नेता ओमशंकर सक्सेना ने बताया कि सोमवार को एसडीएम ने अपने कार्यालय में इफको अधिकारी और किसान नेताओं की बैठक बुलाई थी। बैठक में इफको के अधिकारी 24 दिन रोजगार देने का दावा कर रहे थे। एक किसान ने इसे गलत बताते हुए विरोध किया तो एसडीएम इफको की पैरवी करते हुए उस पर चुप रहने का दबाव बनाने लगे। इसके विरोध में किसानों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने बताया कि किसान अपनी बात रखने गए थे। जब उनकी बात ही नहीं सुनी जाएगी तो बैठक का कोई औचित्य ही नहीं है।

किसानों ने बताया कि 15 फरवरी को भारी संख्या में किसान बुलाए जाएंगे और आंदोलन को उग्र किया जाएगा। संगठन प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह के मुताबिक भाकियू (टिकैत) के नेतृत्व में वर्ष 2021 में 13 महीने धरने के बाद 2023 की शुरुआत में तत्कालीन एसडीएम की मध्यस्थता में इफको के अधिकारियों से रोजगार देने का लिखित समझौता हुआ था। इसके बावजूद इफको की ओर से अपने वादे आज तक पूरे नहीं किए गए हैं। इफको के अधिकारी महीने 24 दिन नियमित रोजगार देने का वादा कुछ लोगों को रोजगार देकर पूरा बताने लगते हैं जबकि लिखित समझौते के बाद आज तक भूदाताओ में से किसी को 24 दिन का रोजगार नहीं दिया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों से उनकी योग्यता के मुताबिक रोजगार देने का वादा किया गया था लेकिन अब उनसे शौचालय की सफाई जैसे काम कराए जा रहे हैं ताकि वे रोजगार की मांग छोड़ दें। जनवरी के शुरू में 24 दिन रोजगार न मिलने पर टाइम ऑफिस से जॉब कार्ड जारी करने की मांग करते हुए इफको गेट पर धरना दिया गया तो इफको के अधिकारियों ने मांग मान ली लेकिन धरना स्थगित करते ही मुकर गए। एसडीएम की ओर से वार्ता के लिए बुलाने पर दो तारीखों पर इफको अधिकारी नहीं आए। इसलिए उन्होंने नौ फरवरी से तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है।

▸▸ वार्ता के दौरान एसडीएम के बोलने से रोकने पर नाराज किसान बाहर निकल आए

▸▸ 15 फरवरी से आंदोलन तेज करने की चेतावनी, बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे



इफको में नौकरी के मुद्दे पर धरना देते बड़ी संख्या में किसान। ● अमृत विचार

### किसानों को गलतफहमी हो गईः एसडीएम

एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि किसानों की तरफ से कुछ लोगों को अपनी बात रखने के लिए कहा गया था। पीछे बैठे एक किसान के बीच में बोलने पर उसे चुप रहने को कहा तो किसान नेता गलत मान बैठे। उनका उद्देश्य एक-एक करके दोनों पक्षों की बात सुनना था। उन्होंने बताया कि इफको अधिकारियों ने हर महीने 60 लोगों को रोजगार देने की बात कही थी। उनका कहना है कि वादे के मुताबिक रोजगार दिया जा रहा है। कुछ लोग खुद काम पसंद न आने की बात कहकर चले गए हैं, शेष काम कर रहे हैं। अब 60 लोगों को अगली सूची में रोजगार देने को कहा है।

## सार-संक्षेप

### कार्निवल के साथ हुआ इन्वर्शिया का आगाज



**बरेली, अमृत विचार :** इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में सालाना महोत्सव की शुरुआत कार्निवल से हुई। यह कार्निवल वार्षिक महोत्सव इन्वर्शिया 2024 के उद्देश्य को प्रदर्शित करने के लिए किया गया। इन्वर्शिया का आयोजन 24 फरवरी को प्रस्तावित है। सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में गुलाबी कपड़ों में वाहनों पर सवार विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने रैली निकाल कार्निवल की शुरुआत की। रैली को कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम ने प्रेरित किया और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम ने रवाना किया। इस दौरान पार्थ गौतम ने इन्वर्शिया 2024 की थीम ''नवरस'' की शुरुआत की। उन्होंने विद्यार्थियों को इन्वर्शिया में रचनात्मक प्रतिभागिता के लिए आमंत्रित किया। कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्य, रजिस्ट्रार संतोष कुमार, डीन इंजीनियरिंग, शिक्षा, पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रो. आरके शुक्ला, डीन प्रबंधन प्रो. मनीष गुप्ता, डीन कृषि प्रो. एसएस त्रिपाठी, डीन मानविकी एवं व्यवहारिक विज्ञान प्रो. पीपी सिंह, सीएसईडी निदेशक प्रो. जितेंद्र श्रीवास्तव, चीफ प्रॉक्टर प्रो. केके दुबे समेत सभी विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य व अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### रैली निकालकर मतदान और सड़क सुरक्षा का संदेश




**बरेली, अमृत विचार :** कन्या महाविद्यालय आर्य समाज भूड़ की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने सोमवार को मतदाता जागरूकता और सड़क सुरक्षा जागरूकता रैलियां निकालीं। छात्राओं ने लोगों को मतदान और यातायात नियमों के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. स्वाति आनंद, डॉ. अनीता वर्मा और छात्राएं मौजूद रहीं।

### शिविर में मतदान के प्रति किया जागरूक




**बरेली, अमृत विचार :** रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई प्रथम व द्वितीय का शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रिंकू कुमार एवं डॉ. विकास वर्मा पटेल के नेतृत्व में आयोजित शिविर में छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बौद्धिक सत्र में डॉ. मनोज कुमार ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना शब्द का व्यापक अर्थ बताया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. प्रद्युम्न कुमार मौजूद रहे।

### एसआरएमएस में विद्यार्थियों को दिए स्मार्टफोन




**बरेली, अमृत विचार :** एसआरएमएस इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज में सोमवार को संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति, पैरामेडिकल कालेज की प्रिंसिपल डा. जसप्रीत कौर, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा. एमएस बुटोला, ट्रस्ट सलाहकार इंजीनियर सुभाष मेहरा ने पैरामेडिकल बैचलर कोर्स के फाइनल ईयर के 103 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। चेयरमैन देवमूर्ति ने छात्र-छात्राओं को मेहनत व लगन से पढ़ाई के लिये प्रेरित किया।

### एसडीएम ने स्कूल का निरीक्षण किया

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सिजोलिया प्राथमिक विद्यालय का सोमवार को एसडीएम एन. राम ने निरीक्षण कर छात्र - छात्राओं की उपस्थिति और एमडीएम की जानकारी ली। उन्होंने एक पोलिंग बूथ के लिए रैंप नहीं होने पर प्रधानाध्यापक को रैंप बनवाने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्यालय में पंजीकृत 110 में से 81 बच्चे उपस्थित मिले।

### खुशबू एन्क्लेव में शुरू हुआ ईडन वुड्स स्कूल

**बरेली, अमृत विचार :** खुशबू एन्क्लेव में ईडन वुड्स स्कूल का प्रारंभ स्कूल के निदेशक डा. शम्सुज्जमा ने किया। इसमें प्ले क्लास से यूकेजी तक अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दी जाएगी। साथ ही अरबी और उर्दू का भी ज्ञान कराया जाएगा। जहीन अहमद खां, अकरम हुसैन, नबिया नसीम, तलत परवीन आदि मौजूद रहे।

### मलिन बस्तियों में स्वच्छता अभियान चलाया



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई द्वितीय एवं तृतीय का शिविर डॉ. यशार्थ गौतम एवं डॉ. बृजवास कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने मलिन बस्तियों खुर्रम गौटिया और सिकलापुर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर दीपक, मयंक, महेश, रिंकू, आर्यन, आदित्य, सूर्यदेव, अतुल, एकांश, बृजेश आदि स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक के परीक्षा फार्म 16 से भरे जाएंगे

रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों बीएससी गृह विज्ञान, कम्प्यूटर साइंस, बॉयोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबॉयोलॉजी, ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स व कम्प्यूटर, एमएससी गृह विज्ञान और विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों और बीपीएड और बीएलएड के संस्थागत व भूतपूर्व परीक्षा के फार्म 16 फरवरी से 29 फरवरी तक ऑनलाइन भरे जाएंगे। छात्रों को 2 मार्च तक भरे हुए फार्म महाविद्यालय में जमा करने होंगे।

# मंडलीय प्रतियोगिता में बरेली चैंपियन

## स्पोर्ट्स स्टेडियम में 37वीं परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में हुईं एथलेटिक्स की स्पर्धाएं

कार्यालय संवाददाता, बरेली



स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंडलीय प्रतियोगिता में ऊंची कूद में हिस्सा लेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार को 37वीं मंडलीय परिषदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में मंडल में बरेली जिला चैंपियन रहा। दौड़ में 600 मीटर जूनियर बालक वर्ग में बरेली के नितेश और बालिका वर्ग में बदायूं की दीक्षा पहले स्थान पर रहीं।

200 मीटर दौड़ में प्राथमिक बालक वर्ग में पीलीभीत के पुष्पेंद्र और बालिका वर्ग में बरेली की अंबिका पहले स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में जूनियर बालक वर्ग शाहजहांपुर के अभय प्रताप सिंह और बालिका वर्ग में निधि पहले स्थान पर हीं। 400 मीटर दौड़ में जूनियर बालक वर्ग में बरेली से संतोष और बालिका वर्ग में दिव्या भारती पहले स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में प्राथमिक बालक वर्ग में पीलीभीत के पुष्पेंद्र और बालिका वर्ग में बदायूं की शिवांगी पहले स्थान पर रहीं।

वॉलीबाल में बालक वर्ग में बरेली, गोला फेंक में बदायूं, बालिका वर्ग में गोला फेंक में बदायूं, चक्का फेंक में बालक वर्ग में बदायूं, बालिका वर्ग में पीलीभीत पहले स्थान पर रहा। इस दौरान रैली संयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय भानु शंकर गंगवार, सह संयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी तौसीफ अहमद, मुकेश भारती, शीशपाल, अवनीश कुमार, मनोज कुमार, दिलीप कनौजिया, अमन गुप्ता इत्यादि खंड शिक्षा अधिकारी, जिला व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार महावीर प्रसाद अरुण पांडे अमित सागर रूपेंद्र सिंह सिराजुल हसन भानु प्रताप सिंह सुंदरलाल सागर सुमित आदि मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर गजेंद्र कुमार, एडी बेसिक विनय कुमार रहे।



वालीबॉल के विजेता खिलाड़ियों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता में मंडल के 150 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। बालक-बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सहायक शिक्षा निदेशक विनय कुमार ने विजेताओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक बीएसए संजय कुमार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



एक ही गद्दा होने से ऊंची कूद के दौरान खिलाड़ियों का बिगड़ा संतुलन। ● अमृत विचार

### अव्यवस्था : कूदे और गिरे



**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग की शनिवार को हुईं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अव्यवस्थाएं इस कदर हावी रहीं कि बच्चे चोटिल तक हो गए। विभाग ने इससे कोई सबक नहीं लिया और मंडलीय खेल प्रतियोगिताओं में भी अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। ऊंची कूद में प्रतिभाग कर रहे कई बच्चे गद्दे से नीचे आकर गिरे। एक ही गद्दे का इस्तेमाल किया गया, जबकि कम से कम दो गद्दे होने चाहिए। कई बच्चे गद्दा छोटा पड़ने के कारण जमीन पर आ गिरे और दर्द से कराह उठे। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने बताया कि किसी भी बच्चे व शिक्षक की ओर से शिकायत नहीं की गई। इस संबंध में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मानकों के अनुरूप ऊंची कूद में दो गद्दों का सेट होता है, लेकिन शिक्षकों की ओर से सिर्फ एक गद्दा मांगा गया जो उन्हें दे दिया गया।

> मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ऊंची कूद के लिए मानक के अनुसार ही गद्दों का पर्याप्त प्रबंध किया गया था। हालांकि कई जनपदों के बच्चे बिना गद्दे के ही प्रतिभाग करना चाहते थे। सभी प्रतियोगिताओं के लिए मानक के अनुसार व्यवस्थाएं की गई थीं।
> **-संजय सिंह,** बीएसए

# एनसीआईएसएम की टीम का आयुर्वेदिक कॉलेज में निरीक्षण



आयुर्वेदिक कॉलेज में मरीजों से जानकारी लेती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एसआरएम आयुर्वेदिक कॉलेज व चिकित्सालय में सोमवार को नेशनल कमीशन फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) की टीम निरीक्षण करने पहुंची। तीन सदस्यीय टीम में दो सदस्य भौतिक रूप से व एक सदस्य ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये निरीक्षण किया। पूरे निरीक्षण की वीडियो रिकार्डिंग भी की गयी। निरीक्षण मंगलवार को भी चलेगा जिसके बाद ही टीम रिपोर्ट बनायेगी।

टीम ने भर्ती मरीजों, ओपीडी मरीजों, पंचकर्म, स्टाफ, डाक्टरों व शिक्षकों, पैथालॉजी लैब, सभी तरह के पत्राचारों के बारे में जानकारी ली। एनसीआईएसएम हर वर्ष प्राइवेट व सरकारी मेडिकल कॉलेजों का निरीक्षण करती है।

रिपोर्ट आयुष विभाग को दिल्ली भेजी जाती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण है कॉलेज की फैकल्टी। मानक से एक शिक्षक भी कम होने पर कॉलेज की 6 सीटें कम करने का प्रावधान है। कॉलेज में पहले 75 सीटों पर छात्रों का प्रवेश होता था लेकिन पिछले वर्ष एक फैकल्टी कम हो जाने से सीटें घटाकर 69 कर दी गई थीं।

# अध्ययन के साथ परिसर की स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई- प्रथम का वनस्पति विज्ञान विभाग में शिविर आयोजित किया गया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, प्रो. राजेंद्र सिंह और डॉ. राजीव यादव ने शिविर की शुरुआत की।

प्रो. राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज राष्ट्रीय सेवा योजना देश की जरूरत है। स्वयंसेवक किसी भी आपातकालीन स्थिति में जनमानस की मदद करते हैं। प्रो. आलोक खरे ने बताया कि कॉलेज परिसर को स्वच्छ रखने में सदैव से ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों का बड़ा योगदान रहा है, इसलिए अध्ययन के साथ-साथ अपने परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें।



### कबड्डी में कर्मचारी और रस्साकशी में शिक्षक बने विजेता

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 49वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन कबड्डी, वालीबॉल व टेबल टेनिस में तृतीय श्रेणी कर्मचारी और रस्साकशी में शिक्षक विजेता रहे। डीएसडब्ल्यू प्रो. पीबी सिंह, क्रीडा सचिव प्रो. आलोक श्रीवास्तव, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार, प्रो. एके सिंह, प्रो. जेएन मौर्या, डॉ. ज्ञान सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, आदर्श गंगवार मौजूद रहे।

# नर्सिंग के परीक्षा केंद्र निर्धारित, समय भी बदला

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज में परीक्षार्थियों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने बीएससी नर्सिंग और पैरामेडिकल की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। इसके अलावा परीक्षा की पाली में भी बदलाव किया है। पहले परीक्षा सुबह 8:30 बजे से निर्धारित थी लेकिन छात्रों ने परेशानी जताई तो इसे बदलकर अब दोपहर 2:30 बजे से कर दिया गया है। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी। वहीं परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा भी 20 से शुरू होगी। इसके अलावा सोमवार को विधि की एलएलबी और बीएएलएलबी की परीक्षा समाप्त हो गई।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक नर्सिंग व पैरामेडिकल, एमएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल की मुख्य व पूरक परीक्षा 2023 के केंद्र तय कर दिए गए हैं। 16 महाविद्यालयों के केंद्र बरेली कॉलेज, राजेंद्र प्रसाद डिग्री कॉलेज मीरगंज, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर, राजकीय संघटक कॉलेज फैजल्लाहगंज मुरादाबाद, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद, आरबीडी कॉलेज बिजनौर और राजकीय संघटक कॉलेज हसनपुर अमरोहा में बनाए गए हैं।

**▸▸ एलएलबी की परीक्षा समाप्त, 20 से नर्सिंग के साथ परास्नातक की परीक्षा भी होगी शुरू**

### विश्वविद्यालय ने कॉलेजों से बीएड और एमएड छात्रों की सूची मांगी

रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक ने महाविद्यलायों से बीएड और एमएड छात्रों की सूची मांगी है। बीएड और एमएड के परीक्षा फार्म 20 फरवरी से भरे जाना प्रस्तावित है।

# अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में साझा किए ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन के दुष्प्रभाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली




कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी।

**▸▸ जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने पढ़ा शोधपत्र**

**अमृत विचार :** आर्थोपेडिक ऑपरेशन के बाद कई बार गंभीर दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं और एलर्जी होने पर कई बार मरीज की मृत्यु तक हो सकती है। इससे बचाव और अन्य सावधानियों को लेकर उत्तर प्रदेश चिकित्सा आयोग के सदस्य व बरेली के वरिष्ठ ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने चिकित्सकों को जागरूक किया। उन्होंने जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में 9 व 10 फरवरी को हुई अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में अपना शोध पत्र पढ़ा।

इसमें उन्होंने बताया कि ऑपरेशन में उपयोग होने वाले आर्थोपेडिक इंप्लांट्स जैसे धातु के बने कूल्हे, घुटने, रॉड, प्लेट्स, आदि से होने वाले दुष्प्रभाव देखने को मिलते हैं। ऐसे इंप्लांट्स के कारण ऑपरेशन के बाद इन्फेक्शन या पस पड़ने के मामले सामने आते हैं या घटिया क्वालिटी होने के कारण इंप्लांट टूट जाते हैं।

इसकी वजह से मरीज का दोबारा ऑपरेशन करना भी करना पड़ता है। उन्होंने कान्फ्रेंस में कोविड के बाद कम आयु में होने वाली अकारण अचानक मौतों का मुद्दा उठाया और दुनिया भर के अनेक देशों में इस विषय पर हो रही रिसर्च पर चर्चा की।

इसमें दुनिया भर के विशेषज्ञों ने सेफ्टी ऑफ मेडिसिन पर डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि स्वेडन के प्रो. पीटर हेजलमस्ट्रोम, स्विट्जरलैंड से डॉ. जॉन डिसूजा और घाना अफ्रीका से डॉ. यावोन इजिक्यू ने भी जानकारी साझा की। इसमें वैक्सीन, दवाइयां, हार्ट के स्टंट समेत अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई।

# मुंबई में बरेली के दिलशाद ने की बेहतरीन गेंदबाजी

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से आयोजित अंडर 23 कर्नल सीके नायडू क्रिकेट प्रतियोगिता में बरेली के दिलशाद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए बंगाल की टीम को जीत दिलाई। मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। दिलशाद की शानदार गेंदबाजी पर कोच मोहम्मद इमरान और कमर परवेज, ओपी कोहली, सोहेल अली, महफूज खान, राहुल कपूर, इकराम कुरैशी ने दिलशाद को बधाई दी।

# सांसद निधि से तैयार हो रहा बॉक्सिंग शेड

**बरेली, अमृत विचार:** बॉक्सिंग के खिलाड़ियों के लिए सांसद निधि से बॉक्सिंग शेड का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही जिम्नेजियम व बैडमिंटन कोर्ट की लाइटों की भी मरम्मत की जा रही है। आरएसओ जितेंद्र यादव ने बताया कि स्टेडियम में बॉक्सिंग रिंग के ऊपर शेड न होने से खिलाड़ियों को अभ्यास के समय परेशानी होती है। सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार की निधि से बॉक्सिंग रिंग के ऊपर शेड का काम कराया जा रहा है। इससे खिलाड़ियों को गर्मी, सर्दी में राहत मिलेगी।

# भेड़ और पोनी को भी पंजीकृत करेगा आईवीआरआई

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**▸▸ रुहेलखंड में आठ ब्लॉकों और 54 गावों में 312 गायों का किया जा चुका वर्गीकरण**

**अमृत विचार:** जल्द ही भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों द्वारा रुहेलखंड क्षेत्र में भेड़ व पोनी का भी वर्गीकरण कर पंजीकृत किया जाएगा। आईवीआरआई द्वारा यह काम एनबीएजीआर करनाल के सहयोग से किया जाएगा। इस संबंध में सोमवार को बैठक में आईवीआरआई के निदेशक व कुलपति डा. त्रिवेणी दत्त ने बताया कि पहले गाय पर जोर दिया गया था। अब भेड़ व पोनी को भी शामिल किया गया है। वैज्ञानिकों की एक टीम इस प्रोजेक्ट पर जल्द काम शुरु करेगी।

नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसोर्सेज (एनबीएजीआर) करनाल के निदेशक डा. बीपी मिश्रा ने बताया कि पशुधन का पंजीकरण कराना बहुत अनिवार्य है। पशुओं का वर्गीकरण कर पंजीकृत करने से उस प्रजाति को संरक्षित किया जा सकता है। इससे उसके उत्पादों को प्रसिद्ध किया जा सकता है। ऐसा करने से उस पशु का मूल्य बढ़ जायेगा। अभी देश के 54 प्रतिशत पशुधन को पंजीकृत करने की आवश्यकता है।

परियोजना के प्रधान अन्वेषक डा. अनुज चौहान ने बताया कि मंडल में बरेली, बदायूं तथा पीलीभीत जिले के 8 ब्लाक, 54 गावों में 312 गायों का वर्गीकरण किया जा चुका है। संस्थान का लक्ष्य जल्द ही 500 से अधिक गायों का वर्गीकरण करने का है। इसके अतिरिक्त भेड़ तथा पोनी के वर्गीकरण का कार्य भी चल रहा है प्रोजेक्ट में संयुक्त निदेशक प्रसार शिक्षा डा. रूपसी तिवारी, डा. बृजेश कुमार, डा. अमित कुमार तथा डा. अयोन तरफदार शामिल हैं।

# एलएलबी छात्रों को आज बंटेंगे स्मार्टफोन

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के सत्र 2022-23 के एलएलबी छात्रों को मंगलवार को नए परीक्षा भवन में स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। छात्र लंबे समय से टैबलेट वितरण की मांग कर रहे थे। इसके लिए कई बार प्राचार्य का घेराव भी किया गया था। प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि चयनित छात्रों की सूची कॉलेज की वेबसाइट पर उपलब्ध है। छात्रों को आईडी कार्ड, फीस रसीद, फाइनल सेमेस्टर की मार्कशीट की छायाप्रति जमा करनी होगी। किसी रिश्तेदार को स्मार्टफोन नहीं दिया जाएगा।

# लक्ष्य के सापेक्ष 96 प्रतिशत बच्चों को लगे टीके

**बरेली, अमृत विचार:** राज्य सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग को दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष 96 प्रतिशत बच्चों का टीकाकरण किया जा चुका है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र, महिला अस्पताल में बुधवार व शनिवार को बच्चों के टीकाकरण के लिए दिन निर्धारित किए गए हैं।

जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के अनुसार शासन की ओर से जनवरी में 1,09,155 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य के सापेक्ष 1,05,062 बच्चों को टीका लगाया जा चुका है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. प्रशांत रंजन ने बताया कि बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीसीजी (बैसिलस कैलमेट-गुएरिन) टीका, हेपेटाइटिस बी, पोलियो, पेंटावैलेंट, रोटावायरस वैक्सीन, खसरा-रूबेला (एमआर) टीका निशुल्क लगाया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विश्राम सिंह ने बताया कि लक्ष्य जल्द पूरा करने के लिए स्टाफ द्वारा निर्धारित दिनों पर टीकाकरण किया जा रहा है।



# समस्या आपकी समाधान

INTERNATIONAL SEXOLOGIST

- Groth Hormone
- Testosterone Hormone
- L.H Hormone
- F.S.H.Hormone
- Vitamin D
- Prolaction Hormone
- Suger/• B.P
- ALL OLD DISEASES ONLINE TREATMENT POSSIBLE

सभी जाँच करवा कर
WhatsApp पर करें
और घर वैठे इलाज करवायें

**नरेन्द्र कुमार-**
मेरी शादी को 4 वर्ष हो चुके थे। मैं शीघ्रपतन रोग से पीड़ित था। कम्प्यूटर इंजीनियर होने के साथ-साथ जॉब में अपने पार्टनर से मिलता था तब मुझे 30 से 40 सेकेन्ड में मेरा शीघ्रपतन हो जाता था। एक दिन हम दोनो ने फैसला लिया और सीधे सिंह क्लीनिक पहुंचे दोनों ने इलाज करवाया। डॉ. सिंह ने जैसे मुझे दवाई दी मैं एक सप्ताह में ठीक हो गया। मुझमें वही जोश आने लगा जो जोश जवानी में आता था। आज मेरा वैवाहिक जीवन सफल हुथा। आज में जो कुछ हूं वो डॉ. सिंह की वजह से हूं।

**पवन कुमार-**
आयु 11 वर्ष बदायु बरेली, मेरा बेटा 11 वर्ष का हो चुका था शारीरिक एवं मानसिक रूप से देखने में ठीक था जन्म से लिंग एवं अण्डकोष छोटे थे जिसकी वजह से हम अत्यधिक परेशान रहते थे किस डाक्टर को दिखाएं एक दिन हमने अपने बच्चे को डॉ. वी.पी. सिंह को दिखाया पहले उन्होंने जाँच कराई और जाँच के बाद इलाज सही तरीके से करवाया 8 महीने में बच्चे के लिंग का विकास होने लगा और क्रमशः बेटा ठीक हो गया।

धन्यवाद..DR. V.P. SINGH

नि:संतान स्त्री एवं पुरूष गुप्त रोगों से पीड़ित महिलायें ल्यूकोरिया पुरानी से पुरानी ल्यूकोरिया बांझपन आदि फलोपियन ट्यूब का बन्द होना IUI (इंट्रा यूटेराईन इन्सेमिनेशन, (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) IVF करवाना व पुरूषों में शुक्राणुओं का कम बनना आदि के लिए उचित परामर्श लें।

Singh Clinic™
An ISO 9001-2008 Certify Clinic

Marriage Counseling
Pre n Post Marriage & Married Counsltant

Dr. V.P. Singh
D.Lit. (Ayurveda)
स्त्री एवं पुरूष
गुप्त रोग विशेषज्ञ
International Sexologist



रायल कालोनी, पीलीभीत बाईपास रोड, सैटेलाइट बस स्टैण्ड से 1 किमी. आगे, सतीपुर चौराहा, बरेली

9837057107
9837343729

Website: sexologistvpsingh.com
Website: drvpsinghsexologist.com

Google Maps

FOLLOW US :


# मृत मां का अंगूठा लगाकर हड़पी करोड़ों की संपत्ति, बेटे समेत सात पर रिपोर्ट

## दूसरे बेटे की एडीजी से शिकायत पर हुई कार्रवाई, दूसरे पति का बेटा है आरोपी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** कोतवाली में फर्जी दस्तावेज तैयार कर मृत मां का अंगूठा लगवाकर संपत्ति हड़पने की रिपोर्ट दर्ज की गई। छोटे बेटे ने सौतेले भाई समेत सात पर आरोप लगाते हुए एडीजी से शिकायत की। एडीजी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

सिविल लाइंस निवासी मोहन गौड़ ने बताया कि उनके पिता हरिओम गौड़ की मौत चार जनवरी 1995 में हो गई। मां मुन्नी देवी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में नौकरी करती थीं। उनकी बहन राधा रानी गौड़ हैं। पिता की मौत के बाद स्टेट बैंक में ही कार्यरत छत्रपाल सिंह के साथ उनकी मां ने दूसरा विवाह कर लिया था। दूसरे विवाह के बाद मां ने 21 जनवरी 1995 को आदित्य विक्रम सिंह को जन्म दिया। उनकी मां उन्हें और बहन को विरासत करना चाह रहीं थीं। इसी बात को लेकर छत्रपाल से विवाद होने लगा।

तब उनकी मां ने मई 2000 में छत्रपाल सिंह से तलाक ले लिया। मां के पास दो मकान सुभाषनगर, एक मकान संजयनगर, एक मकान चौपुला पर है। इसकी कीमत करोड़ों रुपये की है। मां की मौत सितंबर 2021 को हो गई। बहन राधा के सामने ही आदित्य ने मां के शव का अंगूठा स्टाम्प पेपर पर लगा लिया। आरोपियों ने मृत्यु प्रमाण पत्र की तिथि में भी परिवर्तन कराकर अक्टूबर 2021 दर्शा दी। आरोपियों ने 15 सितंबर को फर्जी वसीयत भी तैयार करा ली। फर्जी दस्तावेज में गवाह आशा रानी, उत्कर्ष सक्सेना, एके सिंह और रविंद्र कश्यप, दुर्गा आदि हैं। इंस्पेक्टर कोतवाली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि दस्तावेजों की जांच की जाएगी। जांच के आधार पर कार्रवाई होगी।

### डॉक्टर और पत्नी पर संपत्ति के लिए धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** संपत्ति हड़पने के लिए डॉक्टर ने खुद को मृत चाचा का दत्तक पुत्र घोषित कर दिया। जानकारी होने पर भतीजे ने एडीजी को शिकायती पत्र दे जांच की मांग की। एडीजी के निर्देश पर थाना कोतवाली में डॉक्टर और उनकी पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की गई। 109 सिविल लाइंस में रहने वाले राजकरन पुरी ने एडीजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके दादा दुखभजन सिंह और डॉ. सन्मुख सिंह पुरी दो भाई थे। सन्मुख सिंह पुरी की कोई संतान नहीं है जबकि दुखभजन सिंह के दो बेटे कबलनैन सिंह पुरी और डॉ. महिपाल सिंह पुरी हैं। आठ अक्टूबर 2020 को डॉ. सन्मुख सिंह पुरी की मौत हो गई। इसके बाद परिवार में संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हो गया। मामला कोर्ट तक पहुंच गया। तब उनके चाचा डॉ. महिपाल सिंह पुरी ने खुद को डॉ. सन्मुख सिंह पुरी का दत्तक पुत्र बताना शुरू कर दिया। वर्ष 2021 में समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों में डॉ. महिपाल सिंह पुरी ने स्वयं को डॉ. सन्मुख सिंह पुरी का बेटा और उनकी पत्नी हरमीत पुरी ने खुद को बहू बताया। जबकि उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड और शैक्षिक प्रमाण पत्रों में पिता का नाम दुखभजन सिंह पुरी ही लिखा है। राजकरन ने बताया कि डॉ. महिपाल सिंह के पास दत्तक पुत्र होने के कोई प्रमाण नहीं है। संपत्ति हड़पने के लिए वह गुमराह कर रहे हैं। कोतवाली पुलिस डॉ. महिपाल पुरी और उनकी पत्नी हरमीत पुरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### फर्जी दस्तावेज से जमीन बेचने की कोशिश, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** जालसाजों ने जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने लोगों के नाम इकरार नामा कर दिया। अब जमीन बेचने की कोशिश कर रहा है। शिकायत पर पुलिस ने ध्यान नहीं दिया तो पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर सीबीगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीबीगंज के नदौसी गांव निवासी जागनलाल ने बताया कि गांव के पूरनलाल व मोहनलाल ने उनकी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिए और आठ अगस्त 2016 को संदीप सिंह, सपना सिंह, साधना व राजेन्द्र के नाम इकरारनामा कर दिया। दूसरी ओर विजयलक्ष्मी निवासी किला छावनी ने उनकी जमीन को अपना बताकर सैनिक कॉलोनी निवासी मुनीश कुमार, मढ़ीनाथ अशोकनगर निवासी प्रेरणा, न्यू मॉडल कॉलोनी निवासी मोहित के हक में इकरारनामा कर दिया। इसमें किला छावनी निवासी शिवम व अनुराग गवाह हैं। जागनलाल ने बताया कि आरोपी अब उनकी जमीन बेचने की कोशिश कर रहे हैं। सीबीगंज पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रेलवे फाटक पर गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली फंसी, रास्ते में खड़ी रही ट्रेन



क्रासिंग पर फंसी गन्ने से भरी ट्राली को बुलडोजर से हटाया गया। ● अमृत विचार

**मीरगंज, अमृत विचार :** सिंधौली रेलवे फाटक पर सोमवार को गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली में खराबी आने के चलते फाटक पर खड़ा हो गया। आनन-फानन में फाटक के बीच फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉली को जेसीबी से खींचकर निकाला गया।

इस दौरान गाड़ी संख्या 15127 अप में करीब दस मिनट पटरी पर खड़ी रही। सोमवार सुबह करीब 8 बजे गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली लाइन पार करते समय खराब हो गई। जिससे फाटक बंद नहीं होने पर गेटमैन ने स्टेशन मास्टर को सूचना दी। सूचना पर रेलवे कर्मियों ने फाटक के बीच फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉली को दूसरे ट्रैक्टर की मदद से खींचकर फाटक के बाहर लाया गया। जेसीबी से भी पीछे की तरफ को हटाया गया। फाटक बंद होने पर अप लाइन पर पर आ रही ट्रेन करीब दस मिनट रुकी रही। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया।

## खड़े ट्रक में टकराई मैजिक, महिला की मौत

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में खड़े ट्रक में पीछे से तेज रफ्तार मैजिक टकरा गई, जिससे उसमें सवार एक महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि उसका पति और पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। सोमवार की सुबह हाईवे पर ग्राम टिसुआ फ्लाईओवर पर एक ट्रक खराब खड़ा था। अचानक बरेली की तरफ आ रही मैजिक पीछे से ट्रक में घुस गई, जिससे उसमें सवार चांदनी (36) वर्ष निवासी ग्राम लालपुर थाना मंडी जिला मुजफ्फरनगर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका पति प्रकाश राय, पुत्र आकाश और चालक रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए घायलों को उपचार के लिए भेजा। पुलिस के मुताबिक घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना पर शाम को परिजन अस्पताल पहुंचे।

# कैंट पुलिस ने दो वाहन चोर दबोचे, तीन बाइक बरामद

संवाददाता, बरेली/कैंट

**अमृत विचार :** पलक झपकते ही बरात घरों के पास से बाइक चोरी करने वाले दो वाहन चोरों को कैंट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइकें बरामद हुई हैं। गिरफ्तार आरोपी मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान भी चलाते थे, ताकि किसी को शक न हो। आरोपियों की पहचान ग्राम बल्लिया थाना भमौरा निवासी ओमवीर और चंद्रशेखर के रूप में हुई।

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह मोटरसाइकिलों को चोरी करने के बाद उन्हें काट कर बेचते थे। बरामद मोटरसाइकिलों में एक लाल फाटक स्थित विमल बरातघर के बाहर से 1 फरवरी को, दूसरी 6 फरवरी को साहू बारात घर और तीसरी 27 जनवरी को शिव रूप बारात घर से चोरी की गई थी।



चोरी की बाइकों के साथ दोनों चोर।

▸▸ आरोपी मोटरसाइकिल रिपेयरिंग का करते हैं काम

## घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान ले गए चोर

**बरेली, अमृत विचार :** किला छावनी में घर का ताला तोड़कर चोर नकदी और जेवर समेत करीब दो लाख रुपये का सामान समेट ले गए। पीड़िता ने किला थाना में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने 28 दिन बाद चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। किला छावनी निवासी रोशन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 16 जनवरी को वह अपने मायके मोहल्ला जखीरा गई थीं। उनके पति महफूज बाकरगंज में अपनी मां को देखने गए थे। 17 जनवरी को जब दोनों लोग वापस आए तो घर का ताला टूटा था और सामान बिखरा हुआ देखा। इसके बाद सामान चेक किया तो पता चला कि चोर घर में रखे 50 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवर ले गए हैं।

# किसानों के समर्थन में ट्रेड यूनियन्स फेडरेशन पटेल चौक पर करेगी प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार के खिलाफ 16 फरवरी को होने वाली संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में बरेली ट्रेड यूनियंस भी आ गई है। सोमवार को पीडब्ल्यूडी स्थित प्रेरणा सदन में मुकेश सक्सेना की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने कई संगठनों के पदाधिकारियों से पटेल चौक पर प्रदर्शन में शामिल होने को कहा।

इंकलाबी मजदूर केंद्र के ध्यान चंद्र मोर्या ने केंद्र सरकार की जनविरोधी और किसान विरोधी नीतियों का विरोध कर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। अटेवा के जिलाध्यक्ष डॉ. मुनीश गंगवार ने एनपीएस को धोखा बताते हुए पुरानी पेंशन की मांग को दोहराया। बैंक यूनियन के आशीष शुक्ला ने बैंक बीमा और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के प्रयास को पूंजी वादी नीतियों का हिस्सा बताते हुए आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में सभी संगठन आगे आकर सरकार की नीतियों का विरोध करें। बरेली कॉलेज के जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि बरेली में हम अपनी एकता दर्शाते हुए सरकार की मंशा का विरोध दर्ज कराएंगे। बैठक में दिनेश सक्सेना, इंद्रजीत सिंह, सलीम अहमद, राजेंद्र सिंह, फैसल शेख, चरण सिंह यादव, प्रतिमा सिंह, हरी शंकर, भूपेंद्र सारस्वत, कैलाश आदि ने विचार रखे।



पीडब्ल्यूडी कार्यालय स्थित प्रेरणा सदन में बरेली ट्रेड यूनियन्स फेडरेशन के पदाधिकारी।

▸▸ प्रेरणा सदन में बरेली ट्रेड यूनियन्स फेडरेशन के पदाधिकारी ने बनाई 16 फरवरी की रणनीति

# रिपोर्ट दर्ज कराने पर पति ने महिला के अश्लील फोटो वायरल किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना से परेशान होकर महिला ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। इससे नाराज पति ने महिला के अश्लील फोटो वायरल कर दिए। भाइयों को अश्लील फोटो भेजकर पांच लाख रुपयों की मांग की। बारादरी पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला के मुताबिक नवाबगंज निवासी युवक से उसकी शादी वर्ष 2021 में हुई थी। शादी के बाद ससुराल पक्ष के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। उसने बारादरी थाना में वर्ष 2023 में पति और ससुराल वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी। इससे पति रंजिश मानने लगा और उसके फोटो और वीडियो एडिट करके व्हाट्सएप पर वायरल कर दिए। उसके भाइयों के व्हाट्सएप पर भी अश्लील फोटो और वीडियो भेजे हैं।

## मानसिक मंदित युवती से की छेड़छाड़

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी में मानसिक मंदित युवती से मोहल्ले के एक युवक ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी देव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित ने बताया कि वह सात फरवरी को बरात में शामिल होने गए थे। घर पर उनकी मानसिक मंदित और शारीरिक रूप से कमजोर बहन थी। उसे अकेला देखकर आरोपी देव घर में घुस आया और बहन से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने मारपीट की। इसी दौरान वह घर पहुंचे तो आरोपी गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।

## कार दिलवाने के नाम पर 2.91 लाख ठगे

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा में एक व्यक्ति को कार दिलवाने के नाम पर दो लाख 91 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव परेवा मोहम्मद अली निवासी लक्ष्मण प्रसाद से रामपुर के थाना मिलक के गांव लौरा निवासी जितेंद्र कुमार और संजय कुमार ने 25 अक्टूबर 2022 को एक लाख 81 हजार और सात दिसंबर को एक लाख दस हजार रुपये कार दिलवाने के नाम पर लिए थे। काफी समय बीतने पर जब कार नहीं दिला पाए तो लक्ष्मण प्रसाद ने रुपये मांगे। आरोप है कि आरोपियों ने रुपये देने से इन्कार कर दिया। पुलिस ने लक्ष्मण की तहरीर पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# क्रिकेट खेलने से मना करने पर महिला के हाथ तोड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** क्रिकेट खेलने से मना करने पर दबंगों ने बुजुर्ग महिला के दोनों हाथ तोड़ दिए और गाली गलौज की। शिकायत के बाद भी प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

राजेन्द्रनगर निवासी दीनदयाल ने बताया कि उनके घर के सामने पार्क है। वहां कुछ लड़के क्रिकेट खेलते हैं। कई बार उनके घर के शीशे और शटर टूट चुका है। उन्हें भी गेंद लग चुकी है। कई बार मना करने के बाद भी आरोपी नहीं माने। तीन फरवरी को नुकसान होने के बाद उन्होंने वहां खेलने का विरोध किया तो पथराव करके कार के शीशे तोड़ दिए। थाने पर शिकायत की लेकिन पुलिस ने उनकी समस्या नहीं सुनी। इससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए और मारपीट कर उनकी पत्नी के दोनों हाथ तोड़ दिए।



एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित।

▸▸ चोट लगने के बाद भी प्रेमनगर पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप

# डीआरएम ने सजगता दिखाने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित



डीआरएम रेखा यादव के साथ सम्मानित रेल कर्मचारी ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** इज्जतनगर रेल मंडल में तीन अलग-अलग स्थानों पर रेल कर्मचारियों की सजगता से संभावित रेल हादसे टल गए। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने चार कर्मचारियों को सम्मानित किया।

मकरंदपुर-घटपुरी रेल सेक्शन पर तैनात ट्रैकमेंटेनर रेशपाल एवं करन चौहान ने एक फरवरी को देखा कि किमी संख्या 349/149 के पास एक रेल वेल्ड फ्रेक्चर हो गया है। इसकी सूचना देकर संरक्षात्मक कार्रवाई की। वहीं ट्रैकमेंटेनर श्याम बाबू ने 11 जनवरी को देखा कि मुरसान-सोनई में किमी संख्या 325/10-11 में एक रेल वेल्ड फ्रेक्चर हो गया है। उन्होंने आला अधिकारियों को सूचित कर ट्रैक संरक्षित किया। ट्रैकमेंटेनर आशीष कुमार ने आठ जनवरी को भोजीपुरा-सेथल रेलखंड पर किमी संख्या 293/14-294/1 पर रेलवे लाइन के लगभग 42 ईआरसी क्लिप निकलने की सूचना दी। इस सजगता के लिए डीआरएम ने दो-दो हजार रुपये का नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## बाइक की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को घर से निकाला

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट और तलाक देकर घर निकालने की रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव रिछोला किफायतुल्ला निवासी गुलशन ने बताया कि उसका निकाह गांव के ही तस्लीम से 24 जुलाई 22 को हुआ था। ससुराल वाले उस पर मायके से बाइक लाने का दबाव बना रहे थे। मांग पूरी न होने पर पति तस्लीम, ससुर सुबराती के अलावा अब्दुल मजीद जमाल अहमद, तौफीक अहमद और सास ने मारपीट की। तलाक देकर घर से निकाल दिया। मारपीट में उसकी कमर की हड्डी टूटने के साथ ही नस दबने से वह गंभीर रूप से बीमार हो गई। उसने थाना पुलिस के साथ ही एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई पर सुनवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय की शरण ली।

# रैली और बैठकों में निपट गया सड़क सुरक्षा माह

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** यातायात नियमों का पालन और लोगों को सुरक्षित सफर के लिए जागरूक करने को चलाया गया सड़क सुरक्षा माह अभियान दम तोड़ता नजर आया। लोग नियमों की धज्जियां उड़ाते सड़कों पर वाहन दौड़ा रहे हैं। वहीं अधिकारी जागरूकता रैलियों और बैठकों तक सिमटकर रह गए।

सड़क सुरक्षा माह समाप्त होने में दो दिन रह गए हैं। ऐसे में यातायात नियमों का पालन कराने की सारी कवायद ठंडी हो गई है। सोमवार को शहर में कई इलाकों में बाइक और कार सवार सड़क सुरक्षा माह को ठेंगा दिखाते नजर आए। हेलमेट छोड़िए बाइक पर चार सवार पुलिस के सामने से फर्राटा भरते रहे। तमाम कार सवार भी सीट बेल्ट बांधे नहीं दिखे। ऑटो चालक छह से आठ सवारियां भर रहे थे। जबकि चार सवारियों का नियम है। पुलिसकर्मी तक नियमों का उल्लंघन करते दिखाई दिए। शहर के व्यस्ततम चौराहा चौपुला, चौकी चौराहा, पटेल चौक, नावल्टी चौराहा समेत कई चौराहों पर यातायात लाइटें दिखाई दीं न ही यातायात पुलिस कर्मी नजर आए। फोटो खिंचवाने के अलावा कहीं भी सड़क सुरक्षा माह नजर नहीं आया।



बिना हेलमेट स्कूटी चलाता युवक।

## निर्माणाधीन जेल के पास मिला युवक का शव

**बरेली, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में निर्माणाधीन पुरानी जेल के पास सोमवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। कोतवाली प्रभारी दिनेश शर्मा ने बताया कि सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब सूचना मिली कि निर्माणाधीन जेल के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। युवक की उम्र करीब 30 वर्ष है। शव की पहचान की कोशिश की जा रही है।

## जंक्शन के पास मिला बुजुर्ग का शव

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली जंक्शन के पास सुभाषनगर की ओर 65 साल के बुजुर्ग का शव पड़ा मिला। बदायूं के उझानी के मोहल्ला गद्दी टोला निवासी गंगा सहाय भीख मांगकर गुजर बसर करते थे और लंबे समय से बीमार थे। मृतक के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

